



नवभारत
ग्वालियर, शुक्रवार, 03 जुलाई, 2026



# मेहगांव में लाठीचार्ज की घटना पर भड़का जनाक्रोश

**न्याय की मांग को लेकर एसपी कार्यालय का किया घेराव, दोषी पुलिस अधिकारियों पर हो कार्रवाई, निर्दोषों पर दर्ज मुकदमे वापस हो**

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 2 जुलाई।** मेहगांव में 25 जून को सड़क दुर्घटना में संतोष बघेल की मौत के बाद हुए कथित पुलिस लाठीचार्ज और प्रदर्शनकारियों पर दर्ज प्रकरणों के विरोध में गुरुवार को भिंड में व्यापक जनआक्रोश देखने को मिला। ओबीसी, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अल्पसंख्यक समाज के संयुक्त तत्वावधान में हजारों लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक तथा जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने मेहगांव थाना प्रभारी एवं लाठीचार्ज में शामिल पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई, प्रदर्शन के दौरान दर्ज प्रकरणों को तत्काल निरस्त करने तथा मृतक संतोष बघेल के परिजनों को आर्थिक सहायता एवं न्याय दिलाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के नेताओं ने पुलिस कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष नंदराम बघेल ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने का अधिकार है, लेकिन यदि आवाज उठाने वालों पर ही लाठियां बरसाई जाएं और उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर दिए जाएं तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि संतोष बघेल की मृत्यु के बाद शोकाकुल परिजनों और ग्रामीणों के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, उससे पूरे समाज में गहरा आक्रोश है। उन्होंने कहा कि यदि गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों पर अन्याय होता रहा तो समाज संगठित होकर हर स्तर पर संघर्ष करेगा।



पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व बसपा प्रत्याशी राजवीर सिंह बघेल ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि न्याय, सम्मान और संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के दबाव में पुलिस प्रशासन निष्पक्षता से काम नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों पर दर्ज प्रकरण तत्काल वापस लिए जाएं तथा लाठीचार्ज की घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने न्याय नहीं दिया तो आंदोलन गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा।

पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने कहा कि पुलिस का दायित्व आमजन की सुरक्षा करना है, लेकिन यदि वही पुलिस निर्दोष नागरिकों पर बल प्रयोग करे तो जनता का विश्वास कमजोर होता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और ग्रामीणों पर लाठीचार्ज की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिस अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए तथा निर्दोष लोगों के खिलाफ दर्ज प्रकरण समाप्त किए जाएं। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रणजीत सिंह गुर्जर ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। यदि अपनी बात रखने वाले लोगों पर मुकदमे दर्ज किए जाएंगे तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी मामलों में खात्मा रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए तथा मृतक परिवार को शीघ्र न्याय और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो जिले के सभी सामाजिक एवं राजनीतिक संगठन संयुक्त रूप से व्यापक आंदोलन करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर इस मुद्दे को न्यायालय तक भी ले जाया जाएगा।

एडवोकेट धर्मेंद्र कुशवाह ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्याय तभी संभव है जब जांच निष्पक्ष और पारदर्शी हो। उन्होंने मांग की कि लाठीचार्ज की पूरी घटना की उच्चस्तरीय अथवा न्यायिक जांच कराई जाए, दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा निर्दोष लोगों को झूठे मामलों से मुक्त कर न्याय दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि कानून का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता रहे मौजूद: प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य राजवीर सिंह बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नंदराम बघेल, पूर्व राष्ट्रीय कमेटी सदस्य रुपेश यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रणजीत गुर्जर, एडवोकेट अमृतपाल बघेल, एडवोकेट जयश्रीराम बघेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामशेष बघेल, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, पूर्व विधायक प्रत्याशी अरविन्द्र बघेल, सोनू यादव, संजीव बघेल, सुनील बघेल, अमर सिंह शाक्य, वीरेंद्र यादव, राजेन्द्र सिंह यादव, अवधेश बघेल, बच्चन बघेल, सुमित बघेल, रवि बघेल, राहुल भदौरिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

**इनका कहना है**

निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करेंगे: मेहगांव में जो घटना हुई है। उसके बारे में हम अधिकारियों से बात कर रहे है। साथी ही घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर जल्द न्याय दिलवाएंगे।

**सूरज वर्मा,** एसपी, भिंड।

## जिलेभर में कोचिंग संस्थानों का होगा पंजीयन, निरीक्षण

**मुरैना, 2 जुलाई।** जिले में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों का पंजीयन कराया जाएगा और सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होगा। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने शिक्षा विभाग को पंजीयन की प्रक्रिया तय करने तथा राजस्व, पुलिस और शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम से सभी कोचिंग संस्थानों का सघन निरीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक संस्थान में सुरक्षित प्रवेश, निकास, अग्निशमन यंत्र, विद्युत सुरक्षा, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पर्याप्त प्रकाश एवं वेंटिलेशन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होना आवश्यक है। साथ ही टेली मानस हेल्पलाइन का नंबर प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जर्जर या असुरक्षित भवनों में संचालित कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा संबंधी कमियां मिलने पर उन्हें निर्धारित समय में दूर कराना होगा, अन्यथा संबंधित संस्थानों पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

## प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह का प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**मेहगांव, 2 जुलाई।** मेहगाँव मंडल में अल्प प्रवास पर आए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह का भिंड तिराहे पर युवा नेता आलोक राकेश शुक्ला ने भव्य स्वागत किया स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रोहित करैया मंडल अध्यक्ष सोनी सत्यभान नरवरिया पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा राठौर मंडल महामंत्री रामवीर सिंह भदौरिया जनपद सदस्य नवल सिंह परमार युवा नेता अमित पिंकी दांतरे भागीरथ गुर्जर भैया मंडल उपाध्यक्ष राजेश त्यागी मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम राजौरिया राम राठौर मंडल उपाध्यक्ष हेमंत गुर्जर राजेश व्यास डॉ बृजकिशोर अमन त्यागी रजत मुदगल राजा भैया गुर्जर प्रदीप परमार सत्यम शुक्ला अनूप लहारिया देवेंद्र पाराशर अभय करसोलिया प्रदीप गोस्वामी अवनीश त्यागी छोटू धाकड़ सोखीराम जाटव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया।

# सुप्रीम इंडस्ट्रीज के कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के दिए टिप्स

**थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी ने ऑनलाइन ठगी से बचाव के बताए उपाय, 1930 हेल्पलाइन पर तुरंत शिकायत करने की अपील**



**भिंड, 2 जुलाई।** जिले में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 15 दिवसीय सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित सुप्रीम इंडस्ट्रीज में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर ठगी से बचने के प्रभावी उपाय बताए। थाना प्रभारी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के प्रति आमजन को जागरूक करना है। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों, हाट-बाजारों, ग्राम पंचायतों और विभिन्न संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस घर-घर पहुंचकर भी साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दे रही है।

कार्यक्रम में ओटीपी फ्रॉड, सिम स्वैपिंग, फिशिंग, सेक्सटॉर्शन, हैकिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी नौकरी, लोन और निवेश के नाम पर ठगी, चाइल्ड पोर्नोग्राफी तथा डेटा चोरी जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो वह तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करे या साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराए। समय पर सूचना देने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना अधिक रहती है।

थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि किसी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। साथ ही किसी जाति, समुदाय या व्यक्ति विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने से बचें, क्योंकि ऐसा करना कानूनी अपराध की श्रेणी में आ सकता है। कार्यक्रम में सुप्रीम इंडस्ट्रीज के प्रमुख संतोष करवा, मनीष पांडे, नीलाव पाठक, अभिषेक दाधीच, योगेश सिंह चौहान, बृजभान सिंह कुशवाह, मुकेश सरफरोश सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

# दबोह में 2 .20 करोड़ की लागत से बनेगी आधुनिक गौशाला

### विधायक अंबरीश शर्मा ने किया भूमिपूजन



**भिंड, 2 जुलाई।** दबोह नगर में गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बुधवार दोपहर क्षेत्रीय विधायक अम्बरीश शर्मा (गुड्डू) ने 2 करोड़ 20 लाख की लागत से बनने वाली आधुनिक गौशाला का विधिवत भूमिपूजन किया। यह गौशाला लगभग 100 बीघा भूमि पर विकसित की जाएगी, जहां निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश के संरक्षण, उपचार और समुचित देखभाल की व्यवस्था की जाएगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन संपन्न हुआ तथा गौशाला निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की घोषणा की गई। विधायक अम्बरीश शर्मा (गुड्डू) ने कहा कि प्रदेश सरकार गौवंश संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है। दबोह में बनने वाली यह आधुनिक गौशाला क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी। इससे निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा और किसानों को भी फसलों को होने वाले नुकसान से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि गौशाला में पशुओं के लिए चारा, पानी, चिकित्सा और देखभाल की समुचित व्यवस्था की जाएगी। साथ ही परिसर में हरित वातावरण विकसित करने और आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने इस परियोजना का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में एक बड़ी गौशाला की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। गौशाला के निर्माण से न केवल गौवंश संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी और नगर की व्यवस्था बेहतर होगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने गौसंरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण कराने की अपेक्षा व्यक्त की।

## वीबी-जी-राम-जी योजना का शुभारंभ, कलेक्टर ने पौधे रोपे

**मुरैना, 2 जुलाई।** भारत सरकार की वीबी-जी-राम-जी ;विकसित भारत.गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन.ग्रामीणद्ध'' योजना के शुभारंभ पर गुरुवार को जनपद पंचायत जौरा की ग्राम पंचायत उरहेरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ एवं जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ग्राम पंचायत उरहेरा की सरपंच सुमन जोनवार सहित अन्य अधिकारियों ने भी पौधे लगाए। पौधों का विवरण और फोटो अंकुर एप पर अपलोड किए गए, ताकि उनके संरक्षण एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार कर रही मोदी सरकार : डॉ . महेन्द्र सिंह

**भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, डॉ . मुखर्जी जयंती कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान**



**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 2 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ग्वालियर से लखनऊ जाते समय भिंड पहुंचे, जहां पीडब्ल्यूडी कॉलोनी स्थित भाजपा जिला कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने बड़ी माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई है और विभिन्न देशों में सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित होकर देश का गौरव बढ़ाया है।

प्रदेश प्रभारी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने किसानों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं और श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में अग्रणी राज्यों में शामिल है और लाखों ग्रामीण परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों ने इसी भावना के साथ देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया और आज पूरे देश में 'वंदे मातरम्' की गूंज राष्ट्रभक्ति का संदेश दे रही है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया, अवधेश सिंह कुशवाह, राजेंद्र शर्मा, राविसेन जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णाकांता तोमर, ममता भदौरिया, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष के.पी. सिंह भदौरिया, मायाराम शर्मा, रामकुमार महते, रोमेश महंत सहित भाजपा के जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नर्मदा क्षेत्र विकास के निर्णय अब हर माह

**भोपाल, 2 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मां नर्मदा प्रदेश की 33 प्रतिशत से अधिक आबादी की जीवन रेखा है. यह आबादी नर्मदा नदी और उसके जलग्रहण क्षेत्र पर ही निर्भर है. नर्मदा हमारी धार्मिक आस्था, जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत की आधारशिला है. इसे हर तरह से निर्मल और अविरल बनाए रख कर नर्मदा परिक्रमा पथ को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाए. प्रदेश में नर्मदा जयंती पर विभिन्न आयोजन किए जायें.**

नर्मदा और इसकी सहायक नदियों सहित पूरे प्रदेश में नदियों के संरक्षण के लिए समाज को विशेषकर युवाओं को जोड़ा जाये. उन्होंने कहा कि अब हर महीने नर्मदा समग्र की बैठक में इस नदी क्षेत्र के विकास के निर्णय लिए जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में नर्मदा समग्र की बैठक को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां नर्मदा के विकास से जुड़ना एक पवित्र काम है. सभी विभाग के अधिकारी पूरे समर्पण से यह काम करें. उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पथ को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कर पथिकों के लिए सभी व्यवस्थाएं की जाये .

# रमेश शर्मा सेबा निवृत्त कालेज परिसर में भव्य स्वागत

**मेहगांव, 2 जुलाई।** महाविद्यालय मेहगांव में अपने पद से सेबा निवृत्त होने पर रमेश शर्मा जी के स्वागत समारोह के लिए महाविद्यालय परिसर भव्य आयोजन किया गया, आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार महाविद्यालय स्टाफ एवं क्षात्र क्षात्राओ ने भाग लिया, सभी ने शर्मा जी को पुष्प हार पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाए बधाई दी,

अपने उद्बोधन में सभी ने शर्मा जी के कार्यकाल की सराहना की शर्मा जी हंसमुख सहयोगात्मक सोच के साथ हर समय स्टाफ क्षात्र क्षात्राओ एवं बाहर से आने बाले आगंतुकों को



अपनी सहज सकारात्मक व्यवहार से संतुष्ट बनाए रखने में सदैव सफल रहे, शर्मा जी व्दारा पुस्तकालय का दायित्व बड़ी ही जिम्मेदारी के साथ निभाते हुए अपना कार्यकाल पूर्ण करते हुए आज अपना पदभार अर्पित कर मुक्त होते हुए भी महाविद्यालय को जरुरत पड़ने पर अपनी सेवाएं देने का बचन दिया।

# गजेन्द्र सिंह धनौली किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष बने,

**मेहगांव, 2 जुलाई।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी को संगठनात्मक संरचना से मजबूती प्रदान करने हेतु पार्टी के राष्ट्रीय नैत्रत्व के दिशानिर्देश में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुखिया जीतू पटवारी के मार्ग निर्देशन में संगठन के विस्तार हेतु सूची जारी की गई है, जिसमें प्रदेश किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष के पद पर भिड़ जिले की मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनौली के स्व श्री रुस्तम सिंह भदौरिया पूर्व विधायक के सुपुत्र गजेन्द्र सिंह भदौरिया को बनाया गया है,

गजेन्द्र सिंह भदौरिया पीढी दर पीढी कांग्रेस के सच्चे निष्ठावान सिपाही होने के साथ साथ नेक दिल साफ स्वच्छ छवि के मिलनसार



व्यक्तित्व के धनी होते हुए सर्वहारा वर्ग के चहेते नेता हैं, गजेन्द्र सिंह भदौरिया को किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिले के कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं व ग्रामीण क्षेत्रों से बधाई शुभकामनाए संदेश देने बाले शुभचिंतकों में खुशी की लहर व्याप्त है,

साथ ही गजेन्द्र सिंह भदौरिया ने अपने किसान कांग्रेस में उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बरिष्ठ शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए नव भारत समाचार पत्र से भेंट कर बताया कि हमें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करते हुए किसानों की हर समस्याओं को नजर में रखते हुए उनके निवारण के लिए हर समय संघर्षरत रहूंगा,

भाजपा सरकार व्दारा किसानों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव व खाद बीज पानी बिजली जैसी समस्याओं के निदान के लिए सदैव किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर समय काम करता हुआ पार्टी के दिशानिर्देशो का पालन करने के लिए सदैव तत्पर हूं.

# वीबी-जी राम जी योजना का शुभारंभ, ग्रामीणों को अब 125 दिन रोजगार की गारंटी

### डिजिटल भुगतान और ग्रामसभा तय करेगी विकास कार्य ; विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी नई गति

**भिंड, 2 जुलाई।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी वीबी-जी राम जी योजना (विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन ग्रामीण) का जिला स्तरीय शुभारंभ बुधवार को मेला ग्राउंड के समीप स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत भिंड अध्यक्ष सरोज बघेल, जनपद पंचायत गोहद अध्यक्ष कालीचरण तोमर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वीरसिंह चौहान, सीईओ जनपद पंचायत मेहगांव राजीव मिश्रा, सीईओ जनपद पंचायत शालू दौहरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




लाइव प्रसारण के माध्यम से जुड़ा जिला: कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने वीबी-जी राम जी योजना के केन्द्र एवं राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह का लाइव प्रसारण देखा और योजना की विशेषताओं एवं उद्देश्यों की जानकारी प्राप्त की। 2047 के विकसित भारत की आधारशिला बनेगी योजना : मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वीरसिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025) लागू किया गया है। यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार नीति में व्यापक परिवर्तन लाने वाला ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत अब ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। यदि पात्र हितग्राही को निर्धारित समय में रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता स्वतः प्रदान किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों के रोजगार के अधिकार को और मजबूत बनाया गया है। वीरसिंह चौहान ने बताया कि योजना के तहत मजदूरी का भुगतान पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जाएगा और यह भुगतान साप्ताहिक अथवा अधिकतम 15 दिनों के भीतर सीधे हितग्राही के बैंक खाते में अनिवार्य रूप से जमा किया जाएगा।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती:** कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, आजीविका के नए अवसर पैदा करने और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# भरत भूषण तिवारी हत्याकांड के विरोध में अखण्ड ब्राह्मण सेवा समिति ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**भिंड, 2 जुलाई।** बिहार में ब्राह्मण समाज के युवक भरत भूषण तिवारी की हत्या के विरोध में अखण्ड ब्राह्मण सेवा समिति के नेतृत्व में समाज के लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार दीपक शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए 'भरत तिवारी अमर रहे' के नारे लगाए।

समिति के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि भरत भूषण तिवारी की हत्या अत्यंत दुखद और निंदनीय घटना है। इस मामले में दोषियों के खिलाफ




कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश में कानून का राज कायम रखने के लिए अपराधियों को शीघ्र एवं कठोर दंड मिलना आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और समाज के लोगों ने न्याय मिलने तक अपनी आवाज बुलंद रखने का संकल्प व्यक्त किया।